हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026

खरीद के नए नियमों के खिलाफ किसान लामबंद 12



एसपी ने नारनौंद थाने का किया औचक निरीक्षण 12



## खबर संक्षेप

### कैबिनेट मंत्री कल विकास कार्यों का करेंगे शिलान्यास

**हिसार।** कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा 11 व 13 अप्रैल को हिसार जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेंगे। नगराधीश हरिराम ने बताया कि दौरा कार्यक्रम के अनुसार कैबिनेट मंत्री 11 अप्रैल को 10 बजे गांव खरड़ अलीपुर पहुंचकर वहां कुश्ती हॉल के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास करेंगे। इसी प्रकार 13 अप्रैल को 11 बजे कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा बरवाला पहुंचकर मॉडर्न मंडी के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे।

### 12 गुमशुदा व एक नाबालिग को मिलाया परिवार से

**हांसी।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, अपराध हरियाणा के आदेशानुसार जिला हांसी में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के दिशानिर्देश अनुसार ऑपरेशन मुस्कान चलाया गया। इस दौरान 1 से 7 अप्रैल तक पूरे जिले में चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर तलाश अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों ने मुस्तैदी एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए गुमशुदा व्यक्तियों की खोजबीन की और आधुनिक तकनीकों के साथ-साथ पारंपरिक सूचना तंत्र का उपयोग कर पुलिस ने 12 गुमशुदा व्यक्तियों व एक नाबालिग को सकुशल खोजकर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### अवैध शराब व सट्टा कारोबार में संलिप्त दो आरोपी काबू

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने अवैध शराब बेचने व सट्टा खाईवाल करने वाले आरोपियों को काबू किया है। जांच अधिकारी ने बताया कि गश्त पड़ताल के दौरान सूचना मिली थी बीड फार्म निवासी संजय ढाणी पाल रोड़ स्थित अपनी किरयाना दुकान पर अवैध शराब रखकर बेच रहा है। सूचना के आधार पर दुकान पर रेड कर काउंटर पर रखी एक पेटी से 12 बोतल देशी शराब बरामद की गई। वहीं पुलिस ने सूचना के आधार पर तिकोना पार्क के पास सरेआम सट्टा खाईवाल का कार्य कर रहे अनिल को काबू किया और आरोपी के कब्जे से 13,700 रुपये बरामद किए गए।

### सर्च अभियान चलाकर ग्रामीणों को किया जागरूक

**नारनौंद।** पुलिस एवं डॉग स्क्वाड टीम ने संयुक्त रूप से गांव लोहारी राघो में नशे के खिलाफ सर्च अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया ताकि वह नशे जैसी बुराई को जड़ से खत्म कर सके। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने गांव के विभिन्न स्थानों पर गहन तलाशी अभियान चलाया और संदिग्ध व्यक्तियों व स्थानों की जांच की। डॉग स्क्वाड की सहायता से संभावित ठिकानों पर विशेष नजर रखते हुए नशा तस्करों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया गया। इसके साथ ही पुलिस टीम द्वारा गांव के लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## सालासर मंदिर में हिसार के परिवार से मारपीट का मामला गहराया

# जो लोग बाउंसर पालते हैं वो पुजारी नहीं हो सकते



हिसार। पंचायत में उपस्थित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि एवं पीड़ित परिवार।

- व्यापारी व धार्मिक संगठनों ने पीजीएसडी संस्थान में पंचायत कर घटना की निंदा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार के परिवार से राजस्थान के सालासर धाम मंदिर में मारपीट का मामला बढ़ता जा रहा है। इस बारे में गुरुवार को व्यापारी व अन्य संगठनों ने मारपीट के खिलाफ पीजीएसडी संस्थान में करके की। पंचायत में प्रस्ताव रखा गया कि इस मारपीट के मामले में एक कमेटी गठित की जाए जो इस पर फैसला लेगी। बैठक में व्यापारियों मारपीट की इस घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि जो लोग बाउंसर पालते हैं वो पुजारी नहीं हो सकते हैं। उन पंडितों की महीने की करोड़ों रुपये की कमाई है। मामला हिसार के एक परिवार से मंदिर में हुई मारपीट से शुरू हुआ था। गत पांच अप्रैल को परिवार कुछ रिश्तेदारों को वीडियो कॉल से दर्शन करवा रहा था, इसी दौरान वहीं मौजूद बाउंसरों ने उनके साथ मारपीट की।

*पंचायत में प्रस्ताव रखा गया कि मामले की जांच व निर्णय के लिए एक कमेटी गठित की जाए।*

### बीमार रिश्तेदार को करवा रहे थे दर्शन : संजय

उधर, पीड़ित परिवार का कहना है कि वे वीडियो कॉल पर बीमार रिश्तेदार को दर्शन करवा रहे थे। परिवार के मुखिया संजय अरोड़ा के अनुसार इसी दौरान बाउंसरों ने उनके साथ बदमीजी की और मारपीट की। आरोप है कि परिवार की महिलाओं को भी नहीं बक्शा गया।

### जिसने गलती की है, वो आकर माफी मांगे : गर्ग

हरियाणा व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने बैठक में कहा कि जिसने गलती की है, वो आकर माफी मांगे। हिसार के परिवार से अन्याय हुआ है। समिति एकमत से फैसला करे कि हम कहीं नहीं जाएंगे, बल्कि गलती करने वाले हिसार आकर माफी मांगे। हम ऐसी घटना को सहन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि समिति जो सिस्टम बनाएगी, हम उसके साथ है। उन्होंने कहा कि यदि हमारे हिसार के परिवार के साथ पर्चे दर्ज करवा रखी है, उससे हम डरने वाले नहीं है। महिलाओं के साथ मारपीट हुई है, हमारे पास उनकी भी एमएलआर है। हम महिलाओं की तरफ से पर्चा दर्ज करवा देंगे।

### सालासर में हिसार के परिवार से अन्याय

युवा नेता सुनील शर्मा ने बैठक में विचार रखते हुए कहा कि मंदिरों में बाउंसर पालने वाले पुजारी या ब्राह्मण नहीं हो सकते। सालासर में हिसार के परिवार से अन्याय हुआ है और हम उस परिवार के साथ हैं। यदि समिति कोई आंदोलन का फैसला करती है तो हम उसके लिए भी तैयार हैं। सेवानिवृत कर्मी नेता रमेश पूनिया ने कहा कि इस घटना के खिलाफ कड़े आंदोलन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मंदिरों को सरकार के नियंत्रण में लेना चाहिए। मंदिरों में इस तरह की गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं होनी चाहिए।

### भाजपा नेता ने किया परिवार का समर्थन

उधर, यमुनानगर के भाजपा नेता जतिन शर्मा ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर हिसार के परिवार का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मेरे साथ भी मंदिर के बाउंसरों ने गलत व्यवहार किया। वीडियो कॉल करने पर हाथ पर डंडा मारा गया। बाउंसर मारपीट पर उतारू थे। युवा नेता जतिन शर्मा ने दावा किया कि हिसार के परिवार के साथ जिस दिन यह घटना हुई वह खुद मंदिर में मौजूद थे और बाउंसरों व पुजारियों के व्यवहार पर गंभीर सवाल उठाए।

## लंबित राजस्व कार्यों के त्वरित निपटान के लिए समीक्षा बैठक आयोजित

# राजस्व विभाग से संबंधित लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं

*मंडलायुक्त ने पेपरलेस प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन, मॉडर्न रिवैन्यू रिकॉर्ड रूम, म्यूटेशन सहित अन्य राजस्व कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मंडलायुक्त गीता भारती ने राजस्व विभाग से संबंधित लंबित कार्यों के शीघ्र एवं प्रभावी निपटान को लेकर अधिकारियों की बैठक लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में पेपरलेस प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन, मॉडर्न रिवैन्यू रिकॉर्ड रूम, म्यूटेशन, ततिमा अपडेटेशन, पेपरलेस डिमार्केशन, रेवेन्यू कोर्ट केस, एग्रीस्टेक सहित अन्य राजस्व कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। इस अवसर पर उपायुक्त महेंद्र पाल भी उपस्थित रहे।

गुरुवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित वीसी सभागार में राजस्व वित्तीय आयुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत मंडलायुक्त गीता भारती ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि वे राजस्व विभाग से संबंधित लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटान करना सुनिश्चित करें ताकि आमजन को समयबद्ध सेवाएं मिल सकें। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि पेपरलेस प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन में अधिक से अधिक सेल्फ रजिस्ट्रेशन के लिए आमजन को प्रेरित किया जाए। इसके लिए हेल्पडेस्क स्थापित करने जैसे प्रभावी कदम उठाए जाएं ताकि आमजन को प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।



हिसार। वीसी के दौरान उपस्थित मंडलायुक्त गीता भारती, उपायुक्त महेंद्र पाल व अन्य अधिकारी।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : डीसी

बैठक के दौरान उपायुक्त महेंद्र पाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी लंबित म्यूटेशन मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटान किया जाए और ततिमा अपडेटेशन कार्य में तेजी लाकर रिकॉर्ड को अद्यतन रखा जाए। इस अवसर पर हिसार मंडलायुक्त के विशेष कार्याधिकारी जगदीप सिंह, एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश हरिराम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जमीन इंतकाल में लापरवाही पर दो तहसीलदार सहित पांच को सम्मन

- 72 वर्षीय बुजुर्ग की शिकायत पर कोर्ट सख्त, 1 जून को अगली सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जमीन के इंतकाल (म्यूटेशन) में कथित लापरवाही और कानून की अनदेखी के एक मामले में 72 वर्षीय बुजुर्ग मांगे राम की शिकायत पर हिसार की न्यायिक दंडाधिकारी जसप्रीत कौर की अदालत ने दो तहसीलदार सहित कुल पांच आरोपियों को सम्मन जारी कर जवाब तलब किया है। अधिवक्ता जिले सिंह कांटीवाल ने बताया कि शिकायत में दारा सिंह (पटवारी), सुरेश (पटवारी), श्याम सुंदर (कानूनगो), शालिनी लाठर (तहसीलदार) और रामनिवास भादू (तहसीलदार) को आरोपी बनाया गया है। आरोप है कि इन अधिकारियों ने जमीन के इंतकाल संबंधी प्रक्रिया में जानबूझकर देरी की और नियमों की अनदेखी की।

### रजिस्टर्ड वसीयत के बाद भी दर्ज नहीं किया इंतकाल

अदालत में दायर शिकायत के अनुसार, भिवानी के रूपाणा गांव निवासी मांगे राम ने आरोप लगाया है कि उसकी माता की मृत्यु के बाद वैध वसीयत के आधार पर जमीन का इंतकाल दर्ज कराने के लिए कई बार तहसील कार्यालय में आवेदन दिया गया, लेकिन संबंधित अधिकारियों ने कार्रवाई नहीं की। शिकायत में पटवारी, कानूनगो और तहसीलदार सहित कई अधिकारियों पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने और नियमों की अनदेखी करने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता की माता ने वर्ष 2005 में विधिवत रजिस्टर्ड वसीयत के माध्यम से अपनी जमीन अपने वारिसों के नाम बराबर हिस्सों में बांट दी थी। इसके बावजूद, वर्ष 2024 में उनकी मृत्यु के बाद भी जमीन का इंतकाल दर्ज नहीं किया गया। उन्होंने इसके लिए तहसीलदार, उपायुक्त, एसडीएम सहित कई उच्च अधिकारियों को शिकायतें भी दीं, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

### हरियाणा राइट टू सर्विस एक्ट के प्रावधानों की अवहेलना

मामले में यह भी आरोप है कि संबंधित अधिकारियों ने हरियाणा लैंड रिकॉर्ड्स मैनुअल, 2013 और हरियाणा राइट टू सर्विस एक्ट के प्रावधानों की अवहेलना की। नियमों के अनुसार, मृत्यु के बाद वसीयत के आधार पर इंतकाल दर्ज करना संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी होती है। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने शिकायतकर्ता के बयान दर्ज किए और साक्ष्य बंद करने के बाद आरोपित पक्ष को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानों तहत नोटिस जारी कर दिया है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 1 जून 2026 निर्धारित की है। इस मामले के सामने आने के बाद राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। अब सभी की नजरें आगामी सुनवाई पर टिकी हैं, जहां अधिकारियों को अपना पक्ष रखना होगा।

# डीएचबीवीएन मेडिकल ऑफिसर का तबादला

- डॉ. सौरभ दहिया का गुरुग्राम में स्थानांतरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह के निर्देशानुसार दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) के मेडिकल ऑफिसर डॉ. सौरभ दहिया का तबादला कर दिया गया है। उन्हें तत्काल प्रभाव से डीएचबीवीएन सिटी हेल्थ सेंटर, हिसार से डीएचबीवीएन हेल्थ सेंटर, गुरुग्राम में स्थानांतरित किया गया है।

निगम प्रवक्ता संजय चुघ ने बताया कि अधीक्षण अभियंता प्रशासन द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार यह स्थानांतरण सार्वजनिक हित में रिक्त पद पर किया गया है। आदेश में कहा गया है कि संबंधित अधिकारी को वर्तमान पद से कार्यमुक्त माना जाएगा तथा नए स्थान पर जॉइनिंग के बाद ही उनका वेतन जारी किया जाएगा।

साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि पदभार छोड़ने एवं ग्रहण करने की रिपोर्ट संबंधित अधिकारी द्वारा स्वयं इंट्रा हरियाणा पोर्टल पर अपलोड की जाएगी।

आदेश के तहत मेडिकल ऑफिसर डॉ. सौरभ दहिया ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। वे नियमित रूप से डीएचबीवीएन हेल्थ सेंटर, गुरुग्राम की महरौली रोड स्थित डिस्पेंसरी पर निर्धारित समय सारणी अनुसार अपनी सेवाएं देंगे।

# शेयर मार्केट में लाभ का झांसा दे 1.17 लाख ठगे

- पीड़ित ने मोटे मुनाफे के लालच में परिचितों के खातों से ट्रांसफर करवाए रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

साइबर क्राइम करने वाले शातिर लोगों ने फेरी लगाने वाले एक व्यक्ति को स्टॉक मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर 1 लाख 17 हजार रुपये की ठगी कर ली। फेरी लगाने वाले ने मुनाफे के लालच में आकर परिजनों और रिश्तेदारों के खातों से ठगों के खातों में रुपया जमा करवा दिया और जब प्रॉफिट नहीं हुआ तो उसे संदेह हुआ कि उसके साथ ऑनलाइन ठगी हुई है। जिसके बाद पीड़ित ने साइबर क्राइम पुलिस थाना में शिकायत दी। साइबर थाना पुलिस ने लोहारी राघो निवासी प्रवीन कुमार की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। पुलिस को शिकायत में प्रवीन कुमार ने बताया कि वह फेरी लगाकर अपना व अपने का पालन पोषण करता है और 30 जनवरी को उसके पास स्टॉक मार्केट में निवेश करने को लेकर एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि वह स्टॉक मार्केट में निवेश करवा कर प्रॉफिट करवाते हैं। उन्होंने कथित प्रॉफिट के स्क्रीन शॉट भी दिखाए। प्रॉफिट कमाने के लालच में उसने उसी दिन ठगों के बताए खाते में 20 हजार रुपये डाल दिए। उसके बाद फरवरी में 25 हजार, 50 हजार और 17127 रुपए ठगों के बताए खातों में डाले। उसने यह राशि अपने रिश्तेदारों और परिवार के लोगों के खातों से डाले। और रुपए जमा करवाने के बाद भी कोई प्रॉफिट नहीं हुआ तो उसे पता चला कि उसके साथ ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 1 लाख 17 हजार 127 रुपए का फ्रॉड हो गया है।

# ट्रैक्टर चालक ने रोडवेज बस को एक घंटे रोके रखा

- चालक-परिचालक से अभद्र व्यवहार करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

बरवाला क्षेत्र में एक ट्रैक्टर चालक द्वारा हरियाणा रोडवेज की बस को करीब एक घंटे तक रोककर रखने, बस चालक व परिचालक के साथ अभद्र व्यवहार करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में रोडवेज चालक ने बरवाला थाना पुलिस को शिकायत देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस को दी शिकायत में हरियाणा रोडवेज के बस चालक संदीप कुमार व परिचालक ने बताया कि वे गुरुवार को हिसार से गांव खानपुर की ओर सवारियां लेकर जा रहे थे। जब बस गांव धांसू के पास रेलवे फाटक के नजदीक पहुंची, तो सड़क पर पानी भरा हुआ था। इसी दौरान पास से गुजर रहे एक ट्रैक्टर पर पानी के छींटे पड़ गए, जिससे ट्रैक्टर चालक गुस्से में आ गया और मौके पर ही गाली-गलौज करने लगा।

शिकायत के अनुसार, जब बस आगे बढ़कर गांव सुलखनी बस स्टैंड पर पहुंची, तो उक्त ट्रैक्टर चालक ने बस के आगे अपना ट्रैक्टर खड़ा कर रास्ता रोक लिया और बस को करीब एक घंटे तक वहीं खड़ा रखा। इस दौरान बस में बैठी सवारियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। आरोप है कि ट्रैक्टर चालक ने बस चालक व परिचालक के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उन्हें गालियां दीं और धमकाया। साथ ही सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए बस के संचालन को बाधित किया।

## लुवास में 15वीं इंडियन डेयरी इंजीनियर्स एसो. कन्वेंशन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

# बायोगैस तकनीक, ऊर्जा दक्षता एवं अपशिष्ट प्रबंधन में अत्यंत महत्वपूर्ण

- संगोष्ठी में देशभर से आए विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों एवं विद्यार्थियों ने की भागीदारी
- राष्ट्रीय दुग्ध विकास बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. मीनेश शाह ने डेयरी क्षेत्र के भविष्य पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय द्वारा आयोजित 15वीं इंडियन डेयरी इंजीनियर्स एसोसिएशन (आईडीईए) कन्वेंशन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी गुरुवार को आयोजित की गई। डेयरी एवं फूड इंजीनियरिंग में नवाचार और विकसित भारत @2047 के लिए समाधान पर आयोजित इस संगोष्ठी में देशभर से आए विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय दुग्ध विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अध्यक्ष डॉ. मीनेश शाह ने डेयरी क्षेत्र के भविष्य पर प्रकाश डालते हुए बायोगैस तकनीक, ऊर्जा दक्षता एवं अपशिष्ट प्रबंधन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि डेयरी अपशिष्ट से बायोगैस उत्पादन किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक है। उन्होंने एनडीडीबी की पहलों, विशेष रूप से उभरती प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (ईटीटी) मॉडल का उल्लेख करते हुए आधुनिक तकनीकों को किसानों तक सरल रूप में पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही, उन्होंने लुवास के साथ अनुसंधान, नवाचार, प्रशिक्षण एवं स्टार्टअप विकास में सहयोग को और सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा इस संगोष्ठी को नवाचार को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण प्रयास बताया।



हिसार। आईडीईए कन्वेंशन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ एनडीडीबी के अध्यक्ष डॉ. मीनेश शाह करते अतिथिगण।

### डेयरी एवं फूड इंजीनियरिंग में हो रहे बदलाव : कुलपति

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि लुवास शिक्षा, अनुसंधान एवं उद्योग के बीच एक सशक्त सेतु के रूप में कार्य कर रहा है। उन्होंने डेयरी एवं फूड इंजीनियरिंग में तेजी से हो रहे तकनीकी परिवर्तनों को अपनाने पर बल देते हुए विद्यार्थियों को नवाचार, अनुसंधान आधारित सोच एवं स्टार्टअप संस्कृति अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस संगोष्ठी को ज्ञानवर्धन एवं उद्योग-शिक्षा समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

### डेयरी क्षेत्र को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ : तिवारी

विशिष्ट अतिथि नाबार्ड हरियाणा की सीजीएम निवेदिता तिवारी ने डेयरी क्षेत्र को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए नाबार्ड की योजनाओं एवं उद्यमिता विकास कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा युवाओं को डेयरी आधारित स्टार्टअप्स की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को नई संभावनाओं से जोड़ने में सहायक होते हैं।

### अनुसंधान को किसानों तक पहुंचाने की जरूरत

मुख्य वक्ता आईसीएआर के पूर्व डीडीजी डॉ. एन.सी. राठौड़ ने अपने संबोधन में डेयरी एवं फूड इंजीनियरिंग में नवीनतम तकनीकों, ऑटोमेशन, गुणवत्ता नियंत्रण एवं वैल्यू एडिशन पर प्रकाश डालते हुए अनुसंधान को किसानों एवं उद्योग तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### इनको मिला सम्मान

आई.डी.ई.ए. आजीवन उपलब्धि सम्मान से विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान डॉ. एन. एस. राठौड़ (पूर्व डीडीजी, इंजीनियरिंग एवं शिक्षा, आईसीएआर), प्रो. (डॉ.) पी. सुधीर बाबू, श्याम कोहली तथा श्री वीरेन्द्र शर्मा को प्रदान किया गया।



शैल को स्कूल जाते समय गिलहरी का एक प्यारा-सा बच्चा मिल गया। वह उसे अपने साथ स्कूल ले आया। क्लास के बच्चों ने जब ए, बी, सी और वन, टू, थ्री गाकर सीखा तो गिलहरी के बच्चे ने भी एल्फाबेट और काउंटिंग रट ली। इसके बाद जो हुआ, बहुत ही मजेदार रहा!

# पढ़ने लगा गिलहरी का बच्चा!





गुजराती कहानी
पुष्पा अंताणी

एक गिलहरी थी। वह अपने नन्हे से बच्चे के साथ रहती थी। गिलहरी को सुबह से लेकर शाम तक दौड़ती हुई देखकर बच्चे ने उससे कहा, 'मां, तुम सारा दिन दौड़ती रहती हो, तो क्या तुम थकती नहीं हो?'

मां बोली, 'क्या करूं, बेटा! दौड़ना तो पड़ेगा ही ना! मैं यदि दौड़ूंगी नहीं, आराम से बैठी रहूंगी तो फिर हम खाएंगे क्या?'

बच्चे ने कहा, 'मां, क्या मैं तुम्हारी कुछ मदद करूं?'

गिलहरी ने प्यार से जवाब दिया, 'नहीं, तुम अभी बहुत छोटे हो, पहले तुम बड़े हो जाओ, बाद में मेरी मदद करना। जाओ, अभी तो तुम बाहर जाकर खेलो।'

बच्चा खेलने के लिए बाहर दौड़ गया। वहां स्कूल जा रहे नन्हे-मुन्ने शैल की नजर एक पेड़ के तने के पास खेल रहे इस गिलहरी के बच्चे पर पड़ी। उसे वह बच्चा बहुत पसंद आ गया। वह चुपके-चुपके, लुकते-छिपते उसके पास आया ताकि गिलहरी के बच्चे को पता नहीं चले, फिर उसे पकड़ लिया। बच्चा भी बहादुर था, पर शैल ने उसे अचानक ही पकड़ा था, वह कांपने लगा। बच्चे को कांपता देखकर शैल समझ गया कि वह डर गया है। इसलिए वह बच्चे को प्यार से अपने हाथों से सहलाते हुए बोला, 'तुम मुझसे बिल्कुल डरना मत। मैं तुम्हें जरा भी परेशान नहीं करूंगा। मैं तो तुम्हारा दोस्त हूं।'

गिलहरी के बच्चे ने कहा, 'क्या तुम मेरे साथ खेलोगे?' 'हां, मैं तुम्हारे साथ जरूर खेलूंगा, पर अभी तो मैं स्कूल जा रहा हूं। तुम मेरे साथ चलोगे?' शैल ने पूछा।

गिलहरी का बच्चा शैल के साथ स्कूल जाने के लिए तैयार हो गया। शैल ने तुरंत उस बच्चे को बस्ते के अगले वाले खाने में रख दिया, उसके बाद वह स्कूल आ गया। उसका कोई दोस्त बच्चे को देखे, उससे पहले गिलहरी के बच्चे को क्लास की खिड़की के पास बैठाकर कहा, 'तुम यहीं बैठे रहना, आराम से सब कुछ देखते रहना।'

कुछ देर बाद टीचर आए। सभी बच्चों को गा-गा कर पढ़ाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फिर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।' बच्चे भी उसी प्रकार ऊंची आवाज में बोलने लगे। कुछ देर बाद दूसरे टीचर आए। बच्चों को वह 'वन, टू, थ्री, फोर, फाइव' पढ़ाने लगे। बच्चे भी उसी तर्ज पर ऊंची आवाज में गाकर बोलने लगे। गिलहरी का बच्चा यह सब देख रहा था और सुन रहा था। वह भी अपने होंठ फड़फड़ा कर कुछ बोल रहा था। कुछ देर बाद इंटरवल हुआ। सभी बच्चे लंच करने लगे। कोई देख न ले, इसलिए शैल छिपता हुआ खिड़की के पास पहुंचा। उसने देखा कि गिलहरी का बच्चा बहुत खुश था। उस बच्चे को शैल ने अपने टिफिन में से कुछ खिलाया और खुद भी खाना खाया। बच्चे को बड़ा मजा आया। वह कूदने-फुदकने लगा। इससे शैल के सभी मित्रों को पता चल गया कि उनकी क्लास में गिलहरी का बच्चा आया हुआ है। सारे इकट्ठा हो गए, गिलहरी के बच्चे को खिलाने लगे। शैल ने अपने दोस्तों से कहा, 'कोई उसे तंग नहीं करना।' क्लास के सभी बच्चे मिलकर खूब खेले, मजे किए। बाद में पढ़ने के लिए बैठ गए। गिलहरी का बच्चा भी पुनः खिड़की के पास बैठ गया।

स्कूल में छुट्टी होने पर सब अपने-अपने घर जाने लगे। रास्ते में उस पेड़ के पास पहुंचने पर शैल ने गिलहरी के बच्चे से कहा, 'क्या तुम मेरे घर चलोगे?'

बच्चा बोला, 'मेरी मां, मेरा रास्ता देख रही होगी। मैं अभी तो जाऊंगा, शाम को खेलने के लिए आऊंगा।'

शैल ने कहा, 'मैं इसी जगह तुम्हारा इंतजार करूंगा।'

बच्चा तो दौड़ता हुआ अपनी मां के पास चला गया। मां ने उसे देखते ही पूछा, 'कहां था तू इतनी देर से? मुझे तेरी बहुत चिंता हो रही थी। क्या कर रहा था तू?' बच्चा मां को जवाब देने के बजाय ऊंची-ऊंची आवाज में गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'

मां तो अपनी आंखें फाड़े अपने बच्चे को देखती ही रह गई। वह बोली, 'तुम यह क्या बोल रहे हो? मेरी समझ में कुछ नहीं आ रहा है।'

बच्चा तो फिर आगे गाने लगा, 'वनटू.थ्री.फोर फाइव., सिक्स., सेवन., ऐट., नाइन., टेन.!' यह सुनकर गिलहरी घबरा गई। उसने सोचा कि उसके बच्चे को किसी ने कुछ कर दिया है या फिर वह पगला गया है। मां बच्चे को बगल वाले पेड़ पर रह रहे कौए के पास लेकर गई, उससे बोली, 'कौआ भाई! देखो तो मेरे बच्चे को कुछ हो गया है।' मैं उसे जो कहती हूं, वह उसकी समझ में नहीं आ रहा। वह न जाने क्या बोल रहा है, मेरी समझ में नहीं आ रहा है।' आप जरा देखिए तो, कुछ आपकी समझ में आ रहा है?'

कौए ने बच्चे से कहा, 'क्यों क्या हुआ है तुम्हें?'

बच्चा तुरंत गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।' थोड़ी सांस लेकर फिर बोलने लगा, 'वनटू थ्री फोर फाइव सिक्स सेवन ऐट नाइन टेन।'

कौआ चौंका, 'अरे बाप रे! इसे तो कुछ हो गया है। पास में ही रह रहे बंदर वैद्य को दिखाओ, तब पता चलेगा इसे क्या हुआ है?' गिलहरी तुरंत बच्चे को लेकर बंदर वैद्य के पास गई। उससे बोली, 'बंदर वैद्य जी, देखिए तो मेरे बच्चे को क्या हो गया है? उसे जल्दी-जल्दी अच्छा कर दीजिए।' बंदर वैद्य ने बच्चे को जांचा। वह तो चुस्त-दुरुस्त ही था। उसने बच्चे से पूछा, 'तुम्हें क्या हुआ है?'

बच्चा तुरंत गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'

यह सुनकर बंदर वैद्य बोला, 'ओ मां! यह तुम क्या बोल रहे हो?'

बच्चा फिर से वही बोलने लगा, 'वन टू थ्री फोर फाइव।' बंदर चिंतित होकर बोला, 'गिलहरी, तुम्हारी बात सही है। तुम्हारे बच्चे को सच में कुछ हो गया है।'

यह सुनकर गिलहरी रोने लगी। घर लौटते हुए रास्ते में जो भी मिलता, उससे अपने बच्चे को ठीक कर देने के लिए विनती करती। ऐसा करते हुए शाम हो गई। शाम हो जाने पर शैल को गिलहरी का बच्चा दिखाई नहीं दिया, तो वह उसे खोजने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में उसे उसके दोस्त भी मिले। सब मिलकर बच्चे को खोजने लगे। बच्चा तो कहीं नजर नहीं आया। तभी गिलहरी के बच्चे की दूर से आ रही आवाज सबने सुनी।




वह गा रहा था, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट।' पहले तो किसी की समझ में नहीं आया, लेकिन बाद में शैल की समझ में आ गया कि गिलहरी का बच्चा भी आज स्कूल से ऐसा बोलना सीख कर आया है। सब खुश हो गए और नाचते-कूदते, गाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'

गिलहरी ने उनकी यह आवाज सुनी तो बोली, 'अरे, मेरा बच्चा भी ऐसा ही बोल रहा है!' गिलहरी के बच्चे ने भी शैल और उसके दोस्तों की आवाज सुनी तो वह दौड़कर उनके पास गया।

गिलहरी के बच्चे को देखकर सब खुशी से झूमने लगे और गाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, वन टू थ्री फोर फाइव!' गिलहरी का बच्चा भी सबके साथ नाचता जाता और गाता जाता। गिलहरी, कौआ, बंदर और अन्य प्राणी फटी आंखों से यह तमाशा देखते ही रहे। *

**हिंदी अनुवाद : रजनीकांत एस. शाह**




सभी इमेज: एआई

## जीके क्विज-200

1. उत्तर भारत का पहला ग्लास ब्रिज किस स्थान पर बनाया जाएगा?
2. दुनिया की पहली डिजिटल जनगणना किस देश में शुरू की गई है?
3. पानीपत की दूसरी लड़ाई किसके बीच हुई थी?
4. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के वर्तमान अध्यक्ष कौन हैं?
5. प्रसिद्ध प्राचीन ग्रंथ 'मुद्राराक्षस' के रचयिता कौन हैं?
6. अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय कहां स्थित है?
7. कौन-सा ग्रह सबसे कम समय में सूर्य का चक्कर लगाता है?
8. कौन-सा विटामिन आंखों के लिए सर्वाधिक लाभदायक होता है?
9. स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री कौन थे?
10. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?



**बच्चो, जीके क्विज-200 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-199 का उत्तर:** 1. आरसीबी, 2. छत्तीसगढ़, 3. 18 अप्रैल, 4. देहरादून, 5. सिकंदर लोदी, 6. पंजाब, 7. विटामिन बी और विटामिन सी, 8. वुलर झील, 9. जोधपुर, 10. भारत-पाकिस्तान

**जीके क्विज-199 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, अनुभव-राजनांदगांव, सचिन-दुर्ग, रमेश-बैकुंठपुर, कविता-रायपुर, तनिष्क-रोहतक, कोमल-बिलासपुर, रचित-महासमुंद, आकाश-बलौदा बाजार, कनिका-बालोद

## हंसगुल्ले



**अजय:** यार, आजकल मुझे रात को ठीक से नींद नहीं आती। क्या तुम्हें अच्छी नींद आती है?
**विजय:** हां, मैं तो 'घोड़े बेचकर' सोता हूं।
**अजय:** अच्छा! तो तुमने अब तक कितने घोड़े बेच दिए?
**-नैतिक, दिल्ली**

**रोहन:** क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**सोहन:** नहीं।
**रोहन:** फिर मम्मी क्यों कहती हैं कि तेरी जुबान दिन भर चलती रहती है?
**-काव्या, जबलपुर**

**राजू, सोनू और मोनू,** तीनों एक ही साइकिल पर जा रहे थे। एक ट्रैफिक पुलिस वाले अंकल ने उन्हें रोक लिया।
**राजू:** सॉरी अंकल, हमारी साइकिल पर और जगह नहीं है। प्लीज, आप किसी और से लिफ्ट ले लें। **-जतिन, रायपुर**

वनस्पति जगत
नयनतारा

बच्चो, जंगलों में बहुत ही विशाल और अनोखे पेड़ पाए जाते हैं। इनमें एक पेड़ है जायंट सिकोइया। इसे 'जंगल का पिता' कहा जाता है। जानो, इस अनोखे पेड़ के बारे में।

# जंगल का पिता कहलाता है विशाल-अनोखा पेड़ जायंट सिकोइया

बच्चो, पेड़ एक तरह से पृथ्वी के फेफड़े होते हैं, क्योंकि वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं ताकि हम सांस लेकर जिंदा रह सकें। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि पृथ्वी पर 3 ट्रिलियन से अधिक पेड़ हैं। पेड़ों का भी अनोखा आश्चर्यजनक संसार है, दुनिया भर में एक से बढ़कर एक अनोखे पेड़ पाए जाते हैं। एक पेड़ तो ऐसा था, जो करीब 2,000 साल तक जीवित रहा। उस पेड़ का तना इतना बड़ा था कि उसके बीच से होकर बनाए गए रास्ते में से घुड़सवार भी निकल सकते थे। उस पेड़ का नाम-जायंट सिकोइया था। इस प्रजाति के पेड़ आज भी दुनिया में मौजूद हैं।

**इसलिए कहते हैं जंगल का पिता:** जायंट सिकोइया के पेड़ पूरे जंगल की क्षमता और ताकत का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रारंभिक दौर के मूल जायंट सिकोइया के जो अवशेष मिले हैं, उससे पता चलता है कि वह 400 फीट से अधिक ऊंचा रहा होगा, प्राकृतिक संसार पर यह राजा की तरह राज करता होगा। प्रकृति का रियल लीजेंड है जायंट सिकोइया, इसलिए इसे 'जंगल का पिता' कहते हैं।

**अब भी मौजूद हैं इस प्रजाति के पेड़:** बच्चो, सबसे पुराने जायंट सिकोइया के वृक्ष तो अब नष्ट हो चुके हैं। लेकिन इस प्रजाति के वृक्ष आज भी अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में सिएरा नेवादा पर्वत श्रृंखला के ढलानों पर धुंध भरे वातावरण में उगते हैं। ये पेड़ 900 से 2,600 मीटर की ऊंचाई पर स्थित ग्रोव्स (उपवनों), विशेष रूप से सिकोइया नेशनल पार्क, किंग्स कैन्यन नेशनल पार्क और कैलावेरस बिग ट्रीज स्टेट पार्क में पाए जाते हैं।






**आग में भी रहते हैं सुरक्षित:** जायंट सिकोइया पेड़ की छाल लगभग दो फीट मोटी होती है, इनमें कोई ज्वलनशील पदार्थ नहीं पाया जाता है, जिससे ये पेड़ जंगल की आग जैसी आपदाओं में भी बचे रह जाते हैं। कई बार तो जंगल की आग इस पेड़ के लिए फायदेमंद साबित होती है। बच्चो, जायंट सिकोइया के बीज इस पेड़ की शाखाओं पर उगने वाले शंकु (कोन) के अंदर पाए जाते हैं। ये कोन पेड़ पर लगभग 20 साल तक लटके रहते हैं। जंगल की आग की गर्मी में इनके कोन सूख जाते हैं और ओटमील के दाने जैसे छोटे-छोटे बीजों को मिट्टी में छोड़ देते हैं, जिससे जायंट सिकोइया के नए पेड़ पनपते हैं।

**पी जाता है डेली 300 गैलन पानी:** एक पूरा विकसित जायंट सिकोइया का पेड़ दिनभर में लगभग 300 गैलन पानी पी जाता या जमीन से सोख लेता है। यह पेड़ काफी विशाल तो होता है, पर इसकी जड़ें काफी गहराई तक नहीं पहुंच पाती हैं। इसकी जड़ें सिर्फ 6 से 12 फीट गहराई तक ही जा पाती हैं। ऐसे में इस विशाल पेड़ को संतुलित रखने के लिए इसकी जड़ें चौड़ाई में फैल जाती हैं।

**आयु होती है हजारों वर्ष:** जायंट सिकोइया पेड़ की आयु हजारों वर्ष की हो सकती है। यह पेड़ अधिक पुराने होने या किसी पादप-रोग से नहीं नष्ट होते, बल्कि कई बार अपनी विशालता, वजन और असंतुलन की वजह से गिर पड़ते हैं। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

## बैसाखी त्योहार अनोखा

बैसाखी त्योहार अनोखा
जोश जगाता है,
बच्चों, बड़ों और बूढ़ों के
मन को भाता है।
बोई हुई फसल खेतों की
पककर कट जाती,
खाली खलिहानों में दानों
की बहार आती,
मजदूरों के श्रम का पूरा
मोल चुकाता है।
नई तरह की मस्ती छाए
पांव थिरक उठते,
घोर निराशाओं के बादल
राहों में लुटते,
जीवन का संगीत सुहाना
खूब सुनाता है।
दिशा-दिशा में मुस्कानों की
एक लहर आए,
अपनेपन की खुशबू से जग
सारा भर जाए,
जो हो गए दूर थे उनको
पास बुलाता है।



## रंग भरो-199

**रंग भरो-199** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




श्रेया, दुर्ग


डॉली, दुर्ग


आशुतोष, उमरिया


त्रियांश, धमतरी


रुपाली, बिलासपुर


आशना, जांजगीर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

काशवी-रायपुर, माही-महासमुंद, रायशा-बिलासपुर, शैलेश-राजनांदगांव, उमंग-खैरागढ़, रुपाली-बिलासपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, असित-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सुरभि-करनाल, कुसुम-कोरबा

## रंग भरो 200



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दो बच्चे झूला झूल रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## चार दोस्तों की रोमांचक कहानी

बच्चो, तुमको सुपरहीरोज की कॉमिक स्टोरीज पढ़ने में बहुत मजा आता होगा। इन हीरोज के पास तो सुपर पॉवर होती हैं। इसलिए वे कठिन से कठिन काम भी आसानी से कर लेते हैं। लेकिन इस नॉवेल 'धमाल चौकड़ी और रावण टेकड़ी का रहस्य' में तुम्हारे जैसे ही चार सामान्य बच्चों की कहानी है, जिनके पास कोई सुपर पावर नहीं है। लेकिन फिर भी चारों दोस्त ध्रुव, किट्टू, एकांश और युग किस बहादुरी, साहस और समझदारी से घने जंगल के बीच स्थित एक पुराने खजाने का पता लगाते हैं, इसे पढ़कर तुम रोमांच से भर उठोगे।




कहानी की शुरुआत होती है, जब ध्रुव दिल्ली से अपने मामा के घर रामपुर पहुंचता है। वहां उसकी दोस्ती पड़ोस में रहने वाली नटखट किट्टू और जुड़वा भाई युग और एकांश से होती है। वे साथ में खेलते, मस्ती करते हैं। इसी बीच उन्हें रावण टेकड़ी के प्राचीन खजाने से जुड़े नक्शे के बारे में पता चलता है। फिर चारों कैसे वहां तक पहुंचते हैं, उनके सामने कैसी चुनौतियां आती हैं और वे कैसे उनका सामना करके अपने लक्ष्य को पाते हैं, यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। बच्चो, नॉवेल रहस्य-रोमांच से भरा है, पढ़कर तुम्हें मजा आएगा। *

**किताब :** धमाल चौकड़ी और रावण टेकड़ी का रहस्य, **लेखक :** मिथिलेश गुप्ता, **मूल्य :** 249 रुपए, **प्रकाशक :** फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, दिल्ली

## खबर संक्षेप

### चौधरीवास में मोक्ष वृद्धाश्रम का निर्माण कार्य प्रगति पर

**हिसार।** मोक्ष वृद्धाश्रम की चौधरीवास में नई शाखा का निर्माण कार्य निर्बाध गति से जारी है। आचार्य श्री विद्यासमयशरणम् मोक्ष वृद्धाश्रम के निर्माण में समाज सेवियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक माता पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु की देखरेख में निर्मित हो रहे इस नए वृद्धाश्रम में आधुनिक सुविधाओं का समावेश रहेगा।

### मदर्स प्राइड कन्वेंट स्कूल में स्वास्थ्य शिविर लगा

**आदमपुर।** मदर्स प्राइड कन्वेंट स्कूल में गुरुवार को विद्यार्थियों के बेहतर स्वास्थ्य के उद्देश्य से एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेष रूप से कक्षा पहली से पांचवीं के छात्रों की आंखों और दांतों की बारीकी से जांच की गई। नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. विजय ने बच्चों की आंखों की जांच की। उन्होंने बच्चों को आंखों की रोशनी बरकरार रखने के टिप्स दिए। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. संगीता यादव ने बच्चों के दांतों की जांच की और उन्हें ओरल हाइजीन के प्रति जागरूक किया।

### सीआईए ने हेरोइन के साथ एक को दबोचा

**हिसार।** सीआईए टीम टू ने एक सूचना के आधार पर नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उससे 6.9 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सीआईए टू के जांच अधिकारी एसआई कृष्ण के अनुसार उनकी टीम सूचना मिली कि रावलवास गांव निवासी कृष्ण उर्फ सोनू गोरछी रोड स्थित खेतों में बनी ढाणी में हेरोइन बेचने का कार्य कर रहा है। सूचना के बाद पुलिस टीम ने छापामार उसे काबू किया। तलाशी में आरोपी के कब्जे से 6.9 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।

### एसपी ने किया थाना उकलाना का निरीक्षण

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने थाना उकलाना का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए। जिले का कार्यभार संभालने के बाद से पुलिस अधीक्षक विभिन्न थानों व चौकियों का निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने उकलाना थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए रिकॉर्ड रजिस्टर, रोजनामचा, लंबित मामलों, शिकायतों के निस्तारण तथा दस्तावेजों के रखरखाव की बारीकी से समीक्षा की।

### डॉ. सैमुअल हैनिमैन की 271वीं जयंती मनेगी

**हिसार।** विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के संस्थापक डॉ. सैमुअल हैनिमैन की 271वीं जयंती के उपलक्ष्य में 10 अप्रैल को आयुष विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम डॉ. धर्मपाल पूनिया, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी, हिसार के नेतृत्व में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में सुबह 9 से 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. नवनीत बिदानी, वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक एवं हरियाणा होम्योपैथिक काउंसिल के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### किसान प्रतिनिधियों से एसपी ने की भेंट

**हांसी।** एसपी विनोद कुमार ने गुरुवार को कार्यालय में किसान प्रतिनिधियों से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान सामाजिक विषयों एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में विचार-विमर्श किया गया। पुलिस अधीक्षक ने किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से कहा कि जिला में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसके लिए सभी वर्गों का सहयोग आवश्यक है।

### राज्यपाल ने होशियार सिंह को किया सम्मानित

**हिसार।** हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने डीएचबीवीएन के कार्यकारी अभियंता एवं एसजीआरए, इंजीनियर होशियार सिंह को वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान एसजीआरए के रूप में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने पर सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें गुरुवार को चंडीगढ़ में एक समारोह में दिया गया। होशियार सिंह ने एसजीआरए के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए शिकायतों के त्वरित निपटान कराया था।

---

## पेंशन से जुड़ी समस्याओं को हल कराने के लिए चक्कर लगा रहे लोग

# समाधान शिविर : आते हैं समस्या लेकर और जाते हैं खाली हाथ

*लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए सप्ताह में दो बार लगता है शिविर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



नारनौंद। नारनौंद के उपमंडल परिसर में समाधान शिविर में पहुंचे लोग।



हांसी। शिविर में समस्याएं सुनते डीसी राहुल नरवाल व एडीसी लक्षित सरीन।

प्रदेश सरकार ने समाधान शिवर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए सप्ताह में दो बार समाधान शिविर का आयोजन करने के आदेश जारी किए हुए ताकि लोगों को अलग अलग सरकारी कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़े। उनके काम एक ही छत के नीचे हो सके। सरकार का ये प्रयास काफी हद तक रंग भी ला रहा हैं लेकिन उसके बावजूद भी पेंशन बनवाने के लिए बुजुर्गों को भटकना पड़ रहा है।

गांव मोठ निवासी छन्नू देवी, राखी शाहपुर के सत्यपाल मोठ करनैल की धन्नी देवी, नारनौंद की राशिदन ने बताया कि उन्होंने बुढ़ापा पेंशन बनवाने के लिए सभी कागज पूरे करके दिए हुए हैं। उसके बावजूद आज तक उनकी पेंशन नहीं बन पाई है। हर बार कोई नया कागज़ लाने को कहा जाता हैं। गांव नाड़ा के दिव्यांग अक्षत ने बताया कि उसको भी पेंशन बनवाने के लिए चक्कर काटने पड़ रहे हैं। मिर्चपुर की पूनम ने बताया कि आज तक लाडो लक्ष्मी पेंशन योजना का एक भी पैसा उनके खाते में नहीं आया है। माढ़ा के दिव्यांग राजू ने भी पेंशन लिए काफी इंतजार किया है। अब तक भी पेंशन नहीं बन पाई। मिर्चपुर के प्रेम सिंह ने बताया कि अविवाहित पेंशन बनवाने के लिए काफी संघर्ष कर रहा हैं। सभी डॉक्यूमेंट पूरे है। उसके बाद भी पेंशन नहीं बन रही हैं। समाज कल्याण विभाग से सतबीर ने बताया कि डॉक्यूमेंट में कुछ खामियां पाई जाती हैं। उनको लेकर दोबारा से भेजा जाता हैं।

### शिकायतकर्ताओं से मुख्यमंत्री ने सीधा संवाद किया

**हांसी।** जिला सचिवालय परिसर में गुरुवार को डीसी राहुल नरवाल की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान डीसी राहुल नरवाल ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनहित से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता व ध्यानपूर्वक सुनें और उनके समाधान के लिए तुरंत प्रभाव से कार्रवाई सुनिश्चित करें। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीसी के माध्यम से समाधान शिविर से जुड़े और उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिकारी शिकायतों को अपने पास लंबित न रखें और शिकायतों का अतिशीघ्र समाधान करें। सीएम डीसी राहुल नरवाल से समाधान शिविर में आई शिकायतों की जानकारी ली। इस दौरान समाधान शिविर में आए शिकायतकर्ताओं से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने डीसी राहुल नरवाल से बातचीत की और समाधान शिविर में आ रही शिकायतों से संबंधित जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने हांसी शहर में माता मंदिर के निकट पेयजल पाइपलाइन लीकेज की समस्या से संबंधित अपडेट लिया। डीसी ने बताया कि समस्या का समाधान करवाया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने समाधान में समस्याओं का समाधान करवाने के लिए पहुंचे नागरिकों से भी सीधा संवाद स्थापित करते हुए पूछा कि क्या आपकी समस्याओं का समाधान सही ढंग से हो रहा है। डीसी राहुल नरवाल ने कहा कि किसी भी अधिकारी को जनता की समस्याओं के समाधान से कोई भी जरूरी कार्य नहीं होना चाहिए। लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें ताकि उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो। डीसी ने इस दौरान कई समस्याओं एवं शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया और कई शिकायतों के समाधान के लिए समय सीमा भी निर्धारित की। उन्होंने नागरिकों से कहा कि अगर किसी विभाग का अधिकारी समस्या के समाधान में आनाकानी करता है तो सीधी उनसे सीधी बात करें। उन्होंने कई शिकायतकर्ताओं को खुद का मोबाइल नंबर भी दिया। समाधान शिविर में एडीसी लक्षित सरीन ,डीएसपी रविंद्र कुमार, नायब तहसीलदार सुरेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन भी उपस्थित रहे।

---

## सफाई कर्मियों की तैनाती में भेदभाव का आरोप

# एडीसी के साथ बैठक में पार्षदों ने गिनाईं वार्डों की समस्याएं



हांसी। विश्रामगृह में पार्षदों के साथ मीटिंग करते एडीसी लक्षित सरीन।

- सीवरेज सफाई में केवल औपचारिकता : पार्षद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

वार्डों की समस्याओं की जानकारी हासिल करने के लिए एडीसी लक्षित सरीन ने गुरुवार को नगर पार्षदों के साथ पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह में बैठक की। बैठक अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित शरीन ने पार्षदों से वार्ड स्तर की समस्याओं को सुना और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में शहर के अधिकांश वार्डों में सफाई व्यवस्था और सीवरेज ओवरफ्लो की समस्याएं सामने आई और पार्षदों ने एडीसी के समक्ष इन मुद्दों पर अपनी चिंता व्यक्त की।

इस अवसर वार्ड 19 के पार्षद ने अधिकारियों पर सफाई कर्मचारियों के आवंटन में भेदभाव बरतने का आरोप लगाया, जबकि वार्ड 21 के पार्षद ने नगर परिषद कर्मचारियों पर सीवरेज सफाई में औपचारिकता निभाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कर्मचारी केवल खाली मशीनों की तस्वीरें खींचते हैं, जबकि वास्तविकता में सीवरेज लाइनों की सफाई नहीं होती। वार्ड 20 के पार्षद सुभाष ने लंबे समय से अधूरी पड़ी कच्ची गलियों के निर्माण की मांग उठाई। वहीं, वार्ड 23 के पार्षद आशीष ने शहर में आवारा पशुओं की समस्या को गंभीर बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि पशुओं को पकड़कर एक बार बाड़े में रखने के बाद फिर से सड़कों पर छोड़ दिया जाता है।

#### 5 लाख तक के कार्य कराने का मिले अधिकार

वार्ड 27 की पार्षद प्रतिनिधि ने स्ट्रील लाइटों की चोरी और उन्हें दोबारा न लगाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने एडीसी के समक्ष मांग रखी कि पार्षदों को 5 लाख रुपये तक के विकास कार्यों को करवाने की मंजूरी देने का अधिकार मिलना चाहिए।

#### समस्याओं की तस्वीर सामने आई : एडीसी

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि यह शहर की समस्याओं को जानने के लिए पार्षदों के साथ उनकी पहली बैठक थी, जिसमें शहर की जमीनी समस्याओं की स्पष्ट तस्वीर सामने आई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सफाई, सीवरेज और अन्य प्रमुख मुद्दों पर जल्द ही ठोस कार्रवाई करते हुए समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

---

# समस्याओं की पहचान व सुधार कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगी वार्ड समितियां

- वार्ड समिति बैठकों के आयोजन की तैयारियां तेज
- नगर निगम के मुख्य सभागार में हुई बैठक में दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। वार्ड समितियों के बारे जानकारी देते मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी।

नगर निगम, नगर परिषद व नगरपालिका के क्षेत्रों में वार्ड समिति बैठकों के आयोजन की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस संबंध में नगर निगम के मुख्य सभागार में जिले की सभी यूएलबी को प्रशिक्षण दिया गया। मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी अमोल मधुकर मसलखांब ने प्रशिक्षण के दौरान ट्रेनर के तौर पर वार्ड समिति के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि वार्ड समिति क्या है और इसकी आवश्यकता क्यों है। कहा कि वार्ड समिति का गठन हरियाणा नगरपालिका नागरिक सहभागिता अधिनियम 2008 के तहत किया जाता है, जिसका उद्देश्य नागरिकों और नगरपालिका के बीच मजबूत संवाद स्थापित करना है। यह समिति वार्ड स्तर पर समस्याओं की पहचान, सेवाओं की निगरानी और सुधार कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती है। बताया कि वार्ड समितियों का मुख्य उद्देश्य निर्णय प्रक्रिया में आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करना, स्वच्छता और अन्य सेवाओं की निगरानी करना है।

#### बैठक में ये रहे उपस्थित

इस दौरान एमई अमित बेरवाल, एमई सुनील लांबा, एमई बरवाला अनिल मोहिल, बीई सुमित ढाड़ा, सचिव बरवाला प्रगति, सचिव उकलाना, जेई कुशल, जेई कुलदीप, जेई मंजीत, जेई अजय सिहाग, जेई अंकुर, जेई गौरव, जेई विकास, एसआई बरवाला दीपक, एएसआई कपिल, एएसआई प्रवीन, एएसआई सन्नी, एएसआई सरोज, एएसआई राहुल सैनी, एएसआई राहुल पंवार, एएसआई रोहित, एएसआई विजेता इत्यादि मौजूद रहे।

---

# दमकल कर्मचारियों ने 2 दिन और बढ़ाई हड़ताल

- यूनियन राज्य कमेटी की राजस्व मंत्री विपुल गोयल के साथ वार्ता विफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। दमकल विभाग के हड़ताली कर्मचारियों को संबोधित करते यूनियन पदाधिकारी।

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर गुरुवार को दूसरे दिन भी दमकल विभाग के कर्मचारियों ने हड़ताल जारी रखी। हड़ताल की अध्यक्षता लीडिंग फायरमैन सतवीर सिंह ने की तथा मंच संचालन राज्य उप-प्रधान जसबीर श्योकंद ने किया। इस दौरान जिला हिसार के सभी दमकल केन्द्रों के कर्मचारी हिसार मुख्य दमकल पर एकत्रित हुए और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान यूनियन राज्य कमेटी की राजस्व मंत्री विपुल गोयल के साथ वार्ता विफल होने पर आगामी 2 दिन के लिए और हड़ताल बढ़ाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान नगर निगम कर्मचारी यूनियन प्रधान सुरेंद्र उर्फ गोलू के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए आए और हड़ताल का समर्थन किया।

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य वरिष्ठ उप प्रधान राजेश बागड़ी ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार अगर दमकल विभाग के कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी करती है तो नगर पालिका के 40000 कर्मचारी भी इनके समर्थन में हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे।

हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के राज्य उप महासचिव देवेंद्र लोहान ने बताया कि 16 फरवरी को कालका स्टील फैक्ट्री फरीदाबाद में लगी आग को बुझाते हुए भविचन्द शर्मा व रणवीर सिंह झुलस गए थे जिनकी अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। यूनियन की मांग है कि उनको शहीद का दर्जा दिया जाए, एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सर्व कर्मचारी संघ जिला प्रधान अशोक सैनी, नगर पालिका कर्मचारी संघ जिला प्रधान सनी, बिशन सिंह, कश्मीरी, सीताराम, राज सिंह, मुकेश, कुलदीप गुर्जर, संजय पान्नू, उदयपाल, प्रदीप गोदारा, संजय बामल, भूपेंद्र राणा, रमेश कुमार, संजय मुंढाल, रणधीर कापड़ो, सतीश, नरेंद्र जांगड़ा, राजपाल, बसाऊ व संदीप सैनी आदि कर्मचारी भी मौजूद रहे।

---

# रेलवे स्टेशन के पास से दो नशा तस्कर गिरफ्तार, हेरोइन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। हेरोइन सहित पकड़े गए आरोपी।

पुलिस के एएनसी स्टाफ ने कार्रवाई करते हुए रेलवे स्टेशन के पास दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से 8.45 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। एएनसी स्टाफ प्रभारी इन्द्र सिंह व उनकी टीम ने दोनों आरोपियों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान जिले के गंगवा गांव निवासी सुनील उर्फ कालू व विनोद के रूप में हुई है।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार एएनसी स्टाफ प्रभारी इन्द्र सिंह की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि उक्त आरोपी क्षेत्र में हेरोइन बेचने का धंधा कर रहे हैं।

सूचना के बाद पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन के पास घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को काबू किया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से कुल 08.45 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इनमें से सुनील उर्फ कालू के पास 06.27 ग्राम व विनोद के पास 02.18 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस यह पता लगाने के प्रयास में है कि वे यह नशा कहां से लाए थे और किन-किन लोगों को सप्लाई करने वाले थे।

---

## रामा रामा रटते-रटते बीती रे उमरिया...



हिसार। हनुमान मंदिर, नागोरी गेट में रामायण पाठ में श्रद्धालु।

**हिसार।** हरियाणा कुरुक्षेत्र सनातन धर्म हनुमान मंदिर, नागोरी गेट के प्रांगण में चल रहे नवाहनपारायण रामायण पाठ के सातवें दिन नरेश जिन्दल व उनके परिवारजनों ने हनुमानजी का पूजन किया। पं. गिरधर गोपाल आसोपा व पं. सुशील आसोपा जोधपुर वालों ने खचाखच भरे पंडाल में उपस्थित में मारवाड़ी भाषा में रामा रामा रटते-रटते बीती रे उमरिया भजन गाया तो श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गये। भक्तों ने संगीतमयी चौपाइयों के संग पाठ का आनंद लिया। उन्होंने सीता हरण के आगे की कथा में लक्ष्मण को आते देखकर राम द्वारा सीता के बारे में चिंतन करने के साथ-साथ पशु-पक्षी तक विलाप करने लगे। घायल गिद्धराज जटायु से मिलना और जटायु द्वारा सीता का हरण होने के बारे में बताना, मरने पर जटायु का अपने हाथों से अंतिम संस्कार करना, शबरी के आश्रम में जाना और प्रेम स्वरुप झूठे बेर खाना, पंपासुर जाकर सुग्रीव से मित्रता, हनुमान से मुलाकात, बाली वध, सुग्रीव को किश्किंधा का राजा और अंगद को युवराज बनाना, सीता की खोज करना, सीता का अशोक वाटिका में मिलना का प्रसंग विस्तार से सुनाया।

---

# न्यूनतम मजदूरी को बढ़ाने का फैसला स्वागत योग्य : डॉ. आशा

- कहा-जो फैसले लिए गए हैं उससे हर नागरिक, खासकर गरीबों को फायदा होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



डॉ. आशा खेदड़।

भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने हरियाणा मंत्रीमंडल की बैठक में न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने सहित अन्य फैसलों का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कैबिनेट बैठक में जो फैसले लिए हैं, उससे हर नागरिक, खासकर गरीब, मध्यम व युवा वर्ग को फायदा होगा।

डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षत में हुई मंत्रीमंडल की बैठक में जनहितकारी फैसले लिए गए हैं। इनमें प्रदेश में न्यूनतम मजदूरी 11 हजार 257 रुपये से बढ़ाकर 15 हजार 220 रुपये कर दी गई है। इससे गरीब व मध्यम वर्ग को सीधा फायदा होगा। इसके अलावा सरकार ने अग्निवीरों के लिए कई पदों के लिए आरक्षण बढ़ाने का ऐलान किया है। इसके तहत अग्निवीर नीति 2024 में संशोधन करते हुए अग्निवीरों के लिए होरिजेंटल आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया गया है, जो फॉरेस्ट गार्ड, माइनिंग गार्ड व वार्डर पदों पर लागू होगा। सरकार ने वृद्धजनों को बड़ी राहत देते हुए रिटायरमेंट हाउसिंग पॉलिसी में संशोधन किया है।

---

## गुजवि में 'सक्षम युवा, समर्थ भारत : गीता का दिव्य मार्गदर्शन' विषय पर व्याख्यान

# कोई भी हार जीवन की अंतिम पराजय नहीं होती : स्वामी ज्ञानानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। कार्यक्रम का उद्घाटन करते गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज।

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा है कि कोई भी एक हार जीवन की अंतिम हार नहीं होती। स्वयं को स्वयं से उठाओ, रास्ते बहुत हैं, आकाश खुला है। गीता जीवन के इसी संदेश के साथ क्षमताओं का विकास करती है और व्यक्ति को अंदर से सक्षम बनाती है।

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सौजन्य से 'सक्षम युवा, समर्थ भारतः गीता का दिव्य मार्गदर्शन' विषय पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम को मुख्य वक्ता एवं मुख्यातिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय के जेसी बोस सेमिनार हॉल नं. 1 में हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। इस अवसर पर गुरु जम्भेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान के अध्यक्ष प्रो. किशना राम बिश्नोई तथा विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डॉ. वंदना बिश्नोई भी उपस्थित रहे।

#### भारत में क्षमताओं की कमी नहीं

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि भारत में क्षमताओं की कमी नहीं है। मानव, खनिज, बौद्धिक, भौतिक तथा आर्थिक संसाधन सभी दृष्टि से भारत अग्रणी है। आवश्यकता केवल यह है कि भारत का युवा संकल्पित हो, खुद को सक्षम बनाए। न केवल सक्षम बनाए बल्कि स्वामी विवेकानंद और अर्जुन जैसे आदर्शों को समक्ष रखते हुए वैसा ही बनने का प्रयास करें। निश्चित रूप से भारत वर्ष 2047 तक न केवल आर्थिक विकास की दृष्टि से बल्कि पारंपरिक, सैद्धांतिक, चारित्रिक तथा विश्व बंधुत्व की दृष्टि से भी विकसित होकर नई गाथा लिखेगा।

#### भगवद्गीता कोर्स का ब्रोशर जारी

इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज द्वारा इंटीग्रेटेड बीए-एमए भगवद्गीता कोर्स का ब्रोशर जारी किया गया तथा गुजविप्रौवि की शोध पत्रिका समराथल धारा के नए अंक का विमोचन किया गया। गुरु जम्भेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान के अध्यक्ष प्रो. किशना राम बिश्नोई ने धन्यवाद किया जबकि मंच संचालन डॉ. गीतू धवन ने किया।

#### इंटीग्रेटेड बीए-एमए भगवद्गीता कोर्स आरंभ होगा

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने अपने संबोधन में कहा कि गुजवि आगामी सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी-2020) के तहत गीता ज्ञान संस्थान कुरूक्षेत्र के संयुक्त तत्वाधान में इंटीग्रेटेड बीए-एमए भगवद्गीता कोर्स आरंभ करेगा। यह कोर्स नवाचार के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की स्थापना में भी काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। गुजवि में यह कोर्स विशेष एमओयू के तहत संचालित कराया जाएगा। गुरु जम्भेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान व जीओ गीता के संयुक्त तत्वाधान में पूर्व में भगवद्गीता डिप्लोमा आनलाइन कोर्स प्रारम्भ किया गया है। उसका विस्तार देते हुए यह पाठ्यक्रम संचालित किया जाना प्रस्तावित है।

**सूचना**

मैं, यशपाल पुत्र श्री रामदित्ता माल निवासी मकान नम्बर 356/12, मुलतान नगर हांसी तहसील व जिला हांसी बयान करता हूं कि मेरा लड़का कपिल व मेरी पुत्रवधु वनीशा दोनो ही मुझसे से अलग रहते हैं और मेरे कहने व सुनने से बाहर है इसलिए मैं अपने पुत्र कपिल व उसकी पत्नी वनीशा को अपनी तमाम चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। दोनों के साथ मेरा व मेरे परिवार से कोई ताल्लुक व संबंध नहीं है। आज के बाद दोनों के साथ लेनदेन, सम्पर्क व व्यवहार करने वाला व्यक्ति खुद जिम्मेवार होगा, मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**खबर संक्षेप**

## हांसी आईटीआई में रोजगार मेला आज

**हांसी।** राजकीय आईटीआई में शुक्रवार सुबह 9:30 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें अग्रणी स्वदेशी ईवी कंपनी जेलियो ई-मोबिलिटी लिमिटेड और श्रीराम पिस्टन्स एंड रिंग्स लिमिटेड द्वारा सीधी भर्ती की जाएगी। प्रधानाचार्य भूपसिंह ने बताया कि आईटीआई में 10 अप्रैल को रोजगार मेले में दोनों कंपनियों में फिटर, इलेक्ट्रिकल, ऑटोमोबाइल, मोटर मैकेनिक , मशीनिस्ट, टर्नर, इलेक्ट्रीशियन, टूल एंड डाई और एमईवी जैसे विभिन्न ट्रेड के आईटीआई पास उम्मीदवारों सहित 10वीं व 12वीं पास युवाओं के लिए कुल 190 पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने कहा कि इच्छुक छात्र-छात्राएं अपने रिज्यूम, आधार कार्ड और सभी मूल शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ संस्थान में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

## निगम ने पकड़े 29 बेसहारा पशु, भेजे गो अभ्यारण्य

**हिसार।** नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। इस अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में नगर निगम की टीम ने वीरवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि नगर निगम की टीम ने सेक्टर-14, सेक्टर-33, सब्जी मण्डी, सैनियान मोहल्ला के आस-पास क्षेत्र से 29 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए पशुओं को गो अभ्यारण्य भेज दिया गया है। एएसआई संदीप बिश्नोई व पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

## ओशो ध्यान उपवन में कैंप की तैयारियां पूरी

**हिसार।** सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में 10 से 12 अप्रैल तक तीन दिवसीय मेडिटेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन सज गया है। इस कैंप में पंजाब से विशेष रूप से आचार्य शेखर शिरकत करेंगे। वे ओशो की देशनाओं से रूबरू करवाते हुए ध्यान के विज्ञान पर प्रकाश डालेंगे। मेडिटेशन कैंप के आयोजक स्वामी संजय व मां सांची ने बताया कि मेडिटेशन कैंप 10 से 12 अप्रैल तक जारी रहेगा और इसमें विभिन्न क्षेत्रों से साधक बढ़-चढक़र हिस्सा लेंगे।

## कुरुक्षेत्र से 5 को नांदेड़ साहिब जाएगी स्पेशल ट्रेन

**हांसी।** हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं के लिए श्री नांदेड़ साहिब की विशेष तीर्थ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं को लेकर एक स्पेशल ट्रेन श्री हजूर साहिब के लिए पांच मई को रवाना होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 5 मई को कुरुक्षेत्र से ट्रेन को झंडी दिखाकर नांदेड़ के लिए रवाना करेंगे। इच्छुक वरिष्ठ नागरिक 15 अप्रैल तक पंजीकरण कर सकते हैं। डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह यात्रा पूर्णतः निःशुल्क रखी गई है। इच्छुक नागरिकों से अपील की है कि वे समय रहते अपना पंजीकरण सरल हरियाणा पोर्टल पर करवाकर इस धार्मिक यात्रा का लाभ उठाएं।

### बास मंडी में किसानों का धरना-प्रदर्शन शुरू, 11 को करेंगे चक्का जाम

# खरीद के नए नियमों के खिलाफ किसान लामबंद

**जब तक लागू किए गए सभी कानून वापस नहीं होते किसान अपना संघर्ष जारी रखेंगे, उन्होंने कहा कि सरकार किसान को परेशान करके मंडी में बायोमेट्रिक हाजिरी लगवा रही**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद


नारनौंद। बास की अनाज मंडी में किसान धरने पर नारेबाजी करते हुए।

भाजपा सरकार ने अनाज मंडी फसल बेचने को लेकर नए नियमों लागू करके किसानों को परेशान करने में लगी हुई हैं। इसके खिलाफ किसान लामबंद हो गए हैं। बास अनाज मंडी में सैकड़ों किसानों ने नए नियमों के खिलाफ धरना प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। किसानों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और ऐलान किया कि 11 अप्रैल को किसान सड़कों पर उतरकर चक्का जाम करेंगे। इसकी जिम्मेवारी सरकार की होगी।

किसान कालूराम, मांकड़ मोर, जोगेंद्र बेरवाल, अजमेर, विजय, प्रवीण, अजमेर, सज्जन, आजाद, राजेश, रामफल, सुरेंद्र, अशोक आदि ने बताया कि सरकार की तरफ से जो नए कानून लागू किए हैं, उनको तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाए। जब तक लागू किए गए सभी कानून वापस नहीं होते किसान अपना संघर्ष जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार किसान को परेशान करके मंडी में बायोमेट्रिक हाजिरी लगवा रही हैं। इसके कारण किसान परेशान है वे अपनी फसल को खेत में निकालने का काम करे या हाजिरी के लिए मंडी के चक्कर काटता रहे। किसान देश की जनता का अन्न पैदा करके पेट भरने का काम करता है।

कोई गलत काम नहीं करता तो मंडी में उसकी हाजरी की क्या जरूरत है। इसके विरोध में धरना शुरू कर दिया गया हैं। हम सब बायोमेट्रिक का विरोध करते हैं और जब तक सरकार इस कानून को वापस नहीं लेती तब तक हमारा धरना जारी रहेगा। सभी किसान संगठनों से बैठक करके फैसला लिया गया है कि 11 अप्रैल को सुबह 11 से दोपहर तीन बजे तक किसान सड़कों पर उतरकर चक्का जाम करने का काम करेंगे।

### गेहूं खरीद की हर व्यवस्था हमारी प्राथमिकता : प्रवीन सैनी



*बरवाला। मार्केट कमेटी बरवाला के चेयरमैन प्रवीण सैनी ने अनाज मंडी में गेहूं खरीद का निरीक्षण किया और खरीद व्यवस्था को लेकर किसानों से भी बातचीत की। चेयरमैन प्रवीण सैनी ने कहा कि इस बातचीत में किसान सरकार की खरीद व्यवस्था से पूरी तरह से संतुष्ट नजर आए। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद व्यवस्था में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी ना आए यह हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मंडी में बारदाना पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और सिलाई कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। इसके अलावा गेहूं का उठान कार्य भी जल्द शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान मंडी में गेट पास स्थल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त पाई गई। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन रोशन घनघस व मनोनीत पार्षद अनूप सैनी भी उपस्थित रहे।*

### फसलों की खरीद में नए नियम के विरोध में प्रदर्शन

**आदमपुर।** अखिल भारतीय किसान सभा ने गुरुवार को सरकार द्वारा फसल खरीद के लिए बनाए नए नियमों के विरोध में अनाज मंडी में प्रदर्शन किया। इसकी अगुवाई किसान सभा ने तहसील कोषाध्यक्ष रघुबीर सिह मंडेरना ने की। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने मार्केट कमेटी के सचिव दिनेश कुमार से मुलाकात की और नए नियमों को वापस लेने की मांग की। उधर, तहसील सचिव सतबीर सिंह धायल ने सरकार को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 11 अप्रैल को 11 बजे तक मंडी के नए नियमों को वापिस नही लिए तो लांदड़ी टोल के पास हाइवे जाम कर दिया जाएगा। सभा के राज्य उपाध्यक्ष शमशेर सिंह नम्बरदार ने कहा कि सरकार अनाज मंडी को समाप्त करने की ओर बढ रही है। यदि हरियाणा सरकार ने काले नियम वापिस नही लिया तो संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा इस मुद्दे पर निर्णायक फैसला लेगा जिसकी सारी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी। प्रदर्शन में तहसील उपाध्यक्ष गुलाब पूनिया, सहसचिव जगदीश पूनिया, शीश राम कुलरिया, राजेन्द्र सहारन, अशोक सिवर, सुरेश धानक, हनुमान जौहर, सतपाल गोदारा, सतपाल शर्मा, सुरेन्द्रमान, राजेन्द्र गोदारा, केसरा राम सैनी, रिछपाल जाखड़ आदि शामिल थे।

### विधायक सेलवाल ने अनाज मंडी का निरीक्षण किया

**बरवाला।** उकलान से कांग्रेस विधायक नरेश सेलवाल ने गुरुवार को बरवाला की अनाज मंडी का दौरा कर वहां किसानों की समस्याओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सरकार की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। विधायक नरेश सेलवाल ने कहा कि सरकार द्वारा लागू की गई बायोमेट्रिक प्रणाली ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। किसानों को अपनी फसल बेचने में अनावश्यक देरी और तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि इस बायोमेट्रिक व्यवस्था को तुरंत प्रभाव से बंद किया जाए। इस अवसर पर नफेसिंह सरपंच खरकपुनिया, रामबिलास, विरेन्द्र लितानी, जयबीर खरक, अंकुश खरक, हैप्पी जेवरा, रोबिन भैणी बादशाहपुर, सेक्रेटरी मार्केट कमेटी बरवाला नरेंद्र कुंडू, भीम जांगड़ा बनभौरी, राजकुमार खरक, हवासिंह,अंकित पुनिया, संजू, बलदेव, हरिराम शर्मा, साहिल आदि उपस्थित रहे।



### आरपीएस पब्लिक स्कूल के 10 वर्ष पूर्ण

## कर्मठ कर्मचारियों का किया गया सम्मान

**हांसी।** आरपीएस पब्लिक स्कूल हांसी की स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को विद्यालय प्रांगण से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय मुख्य अतिथि अग्रोहा विकास ट्रस्ट हांसी के प्रधान विनय जैन व गौरव जैन व विद्यालय चेयरमैन राममेहर देशवाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों ने नृत्य, समूह गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर चेयरमैन राममेहर देशवाल द्वारा विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियां के बारे में जानकारी देते हुए बताया आरपीएस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने आईआईटी, जेईई व नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विनय जैन ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, एक युवक घायल, अज्ञात वाहन चालक पर मामला दर्ज

*नारनौंद। हांसी चंडीगढ़ मार्ग पर गांव राजपुरा के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए हिसार के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया हैं। वही मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव को उसके परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव राजपुरा निवासी 21 वर्षीय दीपक गांव में ही बस स्टैंड पर शैलून चलाता था। बुधवार को रात को वह अपने दोस्त विजय की गाड़ी लेकर उसको खड़ी करने के लिए खेत में जा रहे थे। गांव के पास माइनर से आगे निकले तो किसी अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने उनको सीधी टक्कर मार दी। जिसके कारण दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दीपक गाड़ी के ड्राइविंग सीट पर था और विजय उसके बराबर की सीट पर था। राहगीरों ने इसकी सूचना गांव में दी। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उनको इलाज के हिसार के एक निजी अस्पताल में ले गए। दीपक की गंभीर हालत को देखते हुए उसको रोहतक पीजीआई में रेफर कर दिया गया।*

## उपमंडल अधिकारी को निष्पक्ष होकर कार्य करना चाहिए : यूनियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार


हिसार। बैठक में उपस्थित यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्य। फोटो : हरिभूमि

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन की बालसमंद सब यूनिट की मासिक बैठक सब यूनिट प्रधान विरेंद्र खट्टर की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन पवन शर्मा ने किया। बैठक में यूनियन के राज्य नेता जगमेंद्र पूनिया, दलीप सोनी, सूबे कादयान, सर्कल सचिव ओमप्रकाश वर्मा, यूनिट प्रधान विजेंद्र पूनिया, रिटायर्ड साथी बलजीत कस्वां, सचिव मुकेश गौतम व बालसमंद सब यूनिट सचिव सुरेंद्र आदि भी उपस्थित रहे। बैठक में कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं को रखा। बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन नेताओं ने कहा कि बालसमंद उपमंडल अधिकारी मनमाने रवैया अपना रहे हैं, जिसकी यूनियन कड़े शब्दों में निंदा करती है। उन्होंने कहा कि उपमंडल अधिकारी अपने कुछ हितेषी कर्मचारियों के कहने के अनुसार ही कार्य कर रहे हैं, जबकि अधिकारी होने के नाते उनको निष्पक्ष होकर अपनी सीट पर कार्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से विपिन लांबा यूडीसी को वरिष्ठ उपप्रधान व रवि खरोड एसए को सहसचिव नियुक्त किया गया।

**मांगों को लेकर खेदड़ थर्मल प्लांट कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन 15वें दिन भी रहा जारी**

## यूनियन के दबाव में सरकार ने किया एमडी का तबादला : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला


बरवाला। खेदड़ थर्मल प्लांट के प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते यूनियन पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की थर्मल खेदड़ यूनिट का सरकार व प्रबंधन पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को लगातार 15वें दिन विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता चीफ एडवाइजर राजमंदर शर्मा ने की तथा संचालन राज्य उप प्रधान एवं सर्कल सचिव खेदड़ यूनिट दलजीत पंघाल ने किया।

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राज्य चीफ एडवाइजर राजमंद्र शर्मा ने बताया कि एमडी एचपीजीसीएल को कर्मचारियों से संबंधित मांग पत्र सौंपा गया था लेकिन निगम प्रशासन ने उस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। थर्मल कर्मचारी पिछले 15 दिन से आंदोलनरत हैं। जिसके दबाव में आकर सरकार ने प्रबंध निदेशक का तबादला कर दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि नए प्रबंध निदेशक कर्मचारियों की मांगों को जल्द से जल्द पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि थर्मल कर्मचारी जोखिम भत्ता, शिफ्ट एलाउंस, परिवहन भत्ता, अन्य भत्तों में बढ़ोतरी सहित कई अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर यूनिट प्रधान राजवीर सोनी, वरिष्ठ उपप्रधान शिव कुमार, उपप्रधान सत्यवान खटकड़, कृष्ण नैन, सहसचिव दीपक सहरावत, प्रहलाद कौशिक, ऑडिटर दीपक कक्कड़, कैशियर रवि प्रकाश, ऑर्गनाइजर संदीप कालीरामना, उज्ज्वल, सुनील चौहान, रोहतास, महेंद्र नैन, कुलदीप शर्मा, जसबीर, नरेश जांगड़ा, रामेश्वर, बिजेंदर व संदीप जांगड़ा, अरुण, मनोज, चंद्र प्रकाश, दीपक जिंदल, अनिल पूनिया सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।


हिसार। खोखे के उठाकर ले जाती क्रेन। फोटो : हरिभूमि

### नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी, नहर के पास हटवाया खोखा

हिसार। शहर को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान नगर निगम द्वारा निरंतर जारी है। तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि गुरुवार को अभियान की शुरुआत सेक्टर 27-28 के नजदीक नहर के पास से सड़क से खोखा को हटाकर की गई। इसके बाद टीम ने दिल्ली बाईपास से अतिक्रमण हटाया। इसके अलावा टीम ने रेलवे स्टेशन से अतिक्रमण हटाकर की गई। इसके बाद लोकल बस स्टैण्ड से ऋषि नगर रोड से अतिक्रमण हटाया गया। इसके बाद टीम ने तलाकी गेट, नागोरी गेट, राजगुरु मार्केट, बिश्नोई मंदिर मार्केट, पुल तेलियान, बालाजी मार्केट, पूजा मार्केट, रेड स्क्वेयर मार्केट से अतिक्रमण हटाया गया। टीम ने मार्केटों में दुकानदारों को सामान अपनी परिधि में रखने की अपील भी की।

## जागरण सुनकर लौट रही युवती का बैग छीनने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी


हांसी। युवती का बैग छीन कर भागने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

एवीटी पुलिस ने छीना-झपटी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जगदीश कॉलोनी व हाल आर्यनगर निवासी सोनू के रूप में हुई है। आरोपी के पास से पुलिस ने युवती से छीनी गई अंगूठी, चेन व अन्य सामान सहित वारदात में प्रयुक्त बाइक भी बरामद किया गया है। एएसआई राजीव कुमार ने बताया कि एक जून को एक युवती ने शहर थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह सुबह जागरण सुनकर वापस घर लौट रही थी और जैसे ही वह पंचायती धर्मशाला के पास पहुंची तो पीछे से आया एक अज्ञात बाइक सवार युवक झपट्टा मारकर उसका बैग छीन लिया, जिसमें एक मोबाइल फोन, चांदी की चेन, एक चांदी की अंगूठी तथा कुछ नकदी थी। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी सोनू को आर्यनगर से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया और रिमांड के दौरान आरोपी से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, एक चांदी की चेन व एक चांदी की अंगूठी बरामद कर कब्जा पुलिस में लिया गया।



हिसार। सेवा भारती स्कूल के बच्चे सोसायटी पदाधिकारियों के साथ।

### आकार वेलफेयर सोसायटी ने मनाया दूसरा स्थापना दिवस

**हिसार।** आकार वेलफेयर सोसायटी ने अपना दूसरा स्थापना दिवस सेवा भारती स्कूल के बच्चों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर बच्चों को नोटबुक एवं स्टेशनरी वितरित की गई और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। संस्था के अध्यक्ष सुमित सैनी ने संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों और प्रयासों की जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत देशभक्ति गीत के साथ की गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत उपाध्यक्ष एवं संस्था के संरक्षक डॉ. डीके शर्मा ने बच्चों को साइबर क्राइम एवं पॉक्सो एक्ट के बारे में बताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर बढ़ रहे अश्लील कंटेंट पर चिंता व्यक्त करते हुए बच्चों को सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर संस्था से नरेंद्र सैनी, अजय सैनी, संदीप कुमार, उमेश नामदेव, सुप्रिया पाहवा एवं रेनू सैनी, दौलत राम, प्रिंसिपल उर्मिला, ज्योति सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## आयुष विभाग की कॉफी टेबल बुक जारी की

**हिसार।** उपायुक्त महेंद्र पाल ने गुरुवार को हरियाणा योग आयोग व आयुष विभाग की कॉफी टेबल बुक जारी की। उन्होंने कहा कि बुक में योग की गतिविधियों व महत्वपूर्ण जानकारी से आमजन योग को लेकर प्रेरित होंगे। गौरतलब है कि हरियाणा योग आयोग द्वारा अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में कॉफी टेबल बुक को प्रकाशित किया गया है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ धर्मपाल पूनिया ने बताया कि इस पुस्तक का उद्देश्य योग के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना तथा चित्रों के माध्यम से योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर योग विशेषज्ञा पूजा तथा एवाईएस रविंद्र आदि उपस्थित थे।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

**व्यवस्थाओं को परखा, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण व बेहतर कार्यप्रणाली के दिए निर्देश**

# एसपी ने नारनौंद थाने का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद


नारनौंद। थाने का निरीक्षण करते एसपी विनोद कुमार।

जिला में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा पुलिस थानों की कार्यप्रणाली को बेहतर करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने नारनौंद थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर की साफ-सफाई, रिकॉर्ड रूम, मुंशी कक्ष, कंप्यूटर कक्ष, मालखाना, मैस तथा पुलिस कर्मचारियों के लिए बनाई गई बैरकों का विस्तार से निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने तथा रिकॉर्ड को व्यवस्थित ढंग से संधारित करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की जानकारी आवश्यकता पड़ने पर तुरंत उपलब्ध हो सके। उन्होंने थाने में दर्ज लंबित मामलों, शिकायतें तथा विभिन्न मामलों की गहन समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी लाई जाए तथा विवेचना कार्य को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। इसके साथ ही थाना परिसर में मुकदमों अथवा अन्य कारणों से लंबे समय से खड़े वाहनों के शीघ्र निपटान के दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि थाना परिसर में अनावश्यक वाहनों का जमावड़ा न रहे।

### पेट्रोलिंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए एसपी ने जवानों को दिए सख्त दिशा-निर्देश



*हांसी। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा गुरुवार को पुलिस लाइन हांसी में राइडर, पीसीआर. एवं ईआरवी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को पेट्रोलिंग ड्यूटी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा पुलिस लाइन हांसी का निरीक्षण किया गया। इस अवसर एसपी ने राइडर पर तैनात सभी पुलिसकर्मियों अनिवार्य रूप से हेल्मेट का प्रयोग करने के निर्देश दिए तथा अपने साथ वॉकी-टॉकी सेट का सही एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करें। वहीं पीसीआर और ईआरवी पर तैनात कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार की कॉल प्राप्त होते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लें। उन्होंने सभी जवानों को अपने-अपने रूट मैप की पूरी जानकारी रखने के निर्देश दिए, ताकि आपातकालीन स्थिति में बिना किसी देरी के घटनास्थल पर पहुंचा जा सके। एक्सीडेंट से संबंधित कॉल आने पर घायल व्यक्ति को तुरंत अस्पताल में दाखिल करवाने के लिए कहा गया, क्योंकि यह समय गोल्डन आवर होता है, जिसमें त्वरित उपचार से जीवन बचाया जा सकता है। गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की जांच सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए एसपी ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। बिना नंबर प्लेट के चल रहे वाहनों को तुरंत इम्पाउंड कर उनकी जांच की जाए। पुलिस लाइन के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने आर्मोरी ब्लॉक में असला, परिवहन शाखा, टीएसआई स्टोर तथा पुलिस लाइन कार्यालय का निरीक्षण किया और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएसपी विनोद शंकर, पुलिस लाईन प्रबंधक एसआई प्रदीप कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।*